**बिहार सरकार**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

पत्रांक– प्र07–विविध–16 / 2015– 5407 खाद्य, पटना / दिनांक– 23/11/18

प्रेषक,

पंकज कुमार,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त।

**विषय :– जन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत नई अनुज्ञप्ति निर्गत करने के सम्बन्ध में।**

**प्रसंग :– खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1222 दिनांक–08.03.2017 एवं स्मार पत्रांक 1571 दिनांक 28.03.2017, 4023 दिनांक 16.08.2017, 5995 दिनांक–24.11.2017, 738 दिनांक–12.02.2018, 1772 दिनांक 09.04.2018, 2080 दिनांक–03.05.2018, 3247 दिनांक 10.07.2018 एवं 4281 दिनांक 04.09.2018**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के प्रसंगाधीन पत्रों का स्मरण किया जाय। प्रासंगिक पत्रों द्वारा ''बिहार लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016'' में वर्णित प्रावधानों एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2342 दिनांक 15.02.2016 में निहित प्रावधानों के तहत जन वितरण प्रणाली की रिक्ति का रोस्टर तैयार कर मुख्य समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराते हुए जन वितरण प्रणाली की नई अनुज्ञप्ति निर्गत करने का अनुरोध किया गया है, परन्तु दिनांक 09.11.2018 तक के अद्यतन प्रतिवेदन के अनुसार राज्य में संभावित रिक्ति 13,298 के विरूद्ध मात्र 4745 जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति निर्गत किया जा सका है, जो आशा के अनुरूप प्रगति नही कही जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक–07.06.2018 को अपराह्न 4.00 बजे से मुख्य सचिव, बिहार, पटना द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया था। सभी जिला पदाधिकारी को 15 जुलाई, 2018 तक सभी प्रक्रिया पूर्ण कर लेने का निदेश दिया गया था एवं 31.07.2018 को जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर अनुज्ञप्ति वितरण समारोह भी आयोजित करने का निदेश दिया गया था, फिर भी सभी जिलों में काफी संख्या में जन वितरण प्रणाली की दुकान रिक्त पड़े हैं, जिसके कारण एक ही जन वितरण प्रणाली की दुकान से काफी संख्या में खाद्य सुरक्षा लाभुकों को सम्बद्ध कर दिया जाता है, जिसके कारण खाद्य सुरक्षा लाभुकों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस सम्बन्ध में विभाग को बराबर शिकायत मिलती रहती है।

अतः पुनः अनुरोध होगा कि प्रमंडलीय स्तर पर नई नियुक्ति निर्गत कराने की प्रक्रिया का लगातार पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

23/11/2018

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक– प्र07–विविध–16 / 2015– 5407 खाद्य, पटना / दिनांक– 23/11/18

प्रतिलिपि – सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने क्षेत्राधिकार में रिक्त जन वितरण प्रणाली दुकानों की अनुज्ञप्ति निर्गमन का कार्य अविलम्ब पूर्ण कर लिया जाय।

23/11/2018

सरकार के सचिव।

D:\M_2016\Sec_7\Vividh.doc

# बिहार सरकार

## खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

## नई जन वितरण प्रणाली की दुकानों की अनुज्ञापन निर्गमन के सम्बन्ध में अद्यतन प्रतिवेदन

(315)

**Dated - 19.11.2018**

| क्र0 | प्रमंडल का नाम | जिला का नाम | कुल रिक्ति की सं0 | दि0 31.07.18 तक वितरित नई अनुज्ञप्ति निर्गमन की स्थिति | दि0 31.07.18 से 06.11.18 तक वितरित नई अनुज्ञप्ति निर्गमन की स्थिति | वितरण हेतु तैयार अनुज्ञप्ति की सं0 | कुल अनुज्ञप्ति निर्गत की संख्या (5+6+7) | अद्यतन स्थिति (दि0 19.11.18 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | भागलपुर | बांका | 328 | 0 | 7 | 0 | 7 | दिनांक 30.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 2 | | भागलपुर | 392 | 29 | 25 | 0 | 54 | शेष अनुज्ञप्ति दिनांक 30.11.2018 तक निर्गत की जायेगी |
| 3 | दरभंगा | दरभंगा | 732 | 587 | 0 | 0 | 587 | रिक्ति का पुनः विज्ञापन प्रकाशन कराया जा रहा है। उच्च न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया है। |
| 4 | | मधुबनी | 833 | 28 | 0 | 177 | 205 | शेष अनुज्ञप्ति दिनांक 30.11.2018 तक निर्गत की जायेगी |
| 5 | | समस्तीपुर | 777 | 0 | 0 | 89 | 89 | दिनांक 20.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 6 | कोशी | मधेपुरा | 453 | 325 | 50 | 0 | 375 | शेष अनुज्ञप्ति दिनांक 30.11.2018 तक निर्गत की जायेगी |
| 7 | | सहरसा | 273 | 0 | 9 | 0 | 9 | दावा आपत्ति की जांच की जा रही है। |
| 8 | | सुपौल | 406 | 375 | 0 | 25 | 400 | |
| 9 | मगध | अरवल | 53 | 0 | 7 | 0 | 7 | दिनांक 30.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 10 | | औरंगाबाद | 239 | 0 | 0 | 25 | 25 | मामला न्यायालय में लंबित है। |
| 11 | | गया | 408 | 149 | 0 | 0 | 149 | शेष एक सप्ताह के बाद । |
| 12 | | जहानाबाद | 66 | 0 | 41 | 0 | 41 | शेष रिक्ति हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। |
| 13 | | नवादा | 208 | 0 | 196 | 0 | 196 | शेष अनुज्ञापन हेतु विभाग से मार्गदर्शन की माग की गयी है। |
| 14 | मुंगेर | बेगूसराय | 550 | 40 | 22 | 0 | 62 | दिनांक 30.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 15 | | जमुई | 158 | 139 | 1 | 0 | 140 | शेष एक सप्ताह के बाद । |
| 16 | | खगड़िया | 240 | 0 | 0 | 16 | 16 | दिनांक 09.11.18 को चयन समिति की बैठक आयोजित हो गयी है। |
| 17 | | लखीसराय | 198 | 0 | 0 | 38 | 38 | दिनांक 30.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 18 | | मुंगेर | 211 | 44 | 0 | 60 | 104 | दिनांक 20.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 19 | | शेखपुरा | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | |

(34)

| क्र0 | प्रमंडल का नाम | जिला का नाम | कुल रिक्ति की सं0 | दि0 31.07.18 तक वितरित नई अनुज्ञप्ति निर्गमन की स्थिति | दि0 31.07.18 से 06.11.18 तक वितरित नई अनुज्ञप्ति निर्गमन की स्थिति | वितरण हेतु तैयार अनुज्ञप्ति की सं0 | कुल अनुज्ञप्ति निर्गत की संख्या (5+6+7) | अद्यतन स्थिति (दि0 19.11.18 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 20 | पटना | भोजपुर | 95 | 0 | 53 | 0 | 53 | दिनांक 20.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 21 | | बक्सर | 192 | 0 | 97 | 192 | 289 | दिनांक 20.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 22 | | कैमूर (भभुआ) | 240 | 32 | 74 | 0 | 106 | शेष एक सप्ताह के बाद । |
| 23 | | नालन्दा | 278 | 52 | 7 | 0 | 59 | शेष एक सप्ताह के बाद । |
| 24 | | पटना | 426 | 164 | 0 | 78 | 242 | शेष एक सप्ताह के बाद । |
| 25 | | रोहतास | 576 | 16 | 4 | 4 | 24 | उच्च न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया है। मार्गदर्शन की मांग की गयी है। |
| 26 | पूर्णिया | अररिया | 249 | 142 | 0 | 64 | 206 | शेष एक सप्ताह के बाद । |
| 27 | | कटिहार | 586 | 418 | 121 | 0 | 539 | शेष के लिए पुनः विज्ञापन प्रकाशित कराया जा रहा है, बारसोई अनुमंडल के रोस्टर में संशोधन किया जा रहा है |
| 28 | | किशनगंज | 323 | 0 | 0 | 12 | 12 | दिनांक 15.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 29 | | पूर्णिया | 453 | 0 | 0 | 371 | 371 | दिनांक 30.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 30 | सारण | गोपालगंज | 262 | 0 | 0 | 0 | 0 | विभाग से मार्गदर्शन की मांग की गयी है। |
| 31 | | सारण | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 32 | | सिवान | 228 | 181 | 37 | 0 | 218 | शेष एक सप्ताह के बाद । |
| 33 | तिरहुत | प0 चम्पारण | 350 | 7 | 0 | 0 | 7 | दावा आपत्ति की जांच की जा रही है। दिनांक 30.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 34 | | पू0 चम्पारण | 599 | 0 | 0 | 0 | 0 | दिनांक 30.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 35 | | मुजफ्फरपुर | 565 | 0 | 0 | 0 | 0 | सम्पर्क स्थापित नही। |
| 36 | | शिवहर | 44 | 39 | 0 | 0 | 39 | |
| 37 | | सीतामढ़ी | 735 | 41 | 0 | 35 | 76 | दिनांक 20.11.18 तक अनुज्ञापन का निर्गमन हो जाने की संभावना है। |
| 38 | | वैशाली | 570 | 0 | 0 | 0 | 0 | मामला न्यायालय में लंबित है। |
| | कुल :– | | **13298** | **2808** | **751** | **1186** | **4745** | |